# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञाप्ति

### दिनांक 09.06.2020

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**
- **नगर निगम की सेवायें या अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये 24 घन्टे कन्ट्रोल रूम के फोन नं0 05842–225437 तथा 7355338008 पर करें फोन।**

1– नगर आयुक्त महोदय निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। आज सफाई जोन–1 में निगोही रोड पर पानी की टंकी के पास एवं पी0डब्लू0डी0 ऑफिस से रेलवे लाइन तक, मालानगर कॉलोनी, रामनगर कॉलोनी, अशफाक नगर चौकी से सुजात खॉ की पुलिया तक एवं सुभाषनगर कॉलोनी के आगे बरुआ नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में इमली चौराहे पर होली मगंली खजंडा के पास एवं लकडी मण्डी एवं संगिनी मैरिज लॉन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 गायत्री मन्दिर के पास एवं लोहारों वाले चौराहे से हददफ चौकी तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में चारखम्बा से चौक तक, मघई टोला एवं मो0 छः कुऑ के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के मो0 गौहरपुरा से हनुमतधाम तक, ग्रीन वैली स्कूल से इसाक मियॉ की मजार तक, हनुमतधाम मन्दिर के पाछे बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

2– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 09.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य–** नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, अजीजगजं स्थित रैन बसेरा, चौक क्षेत्र, कचहरी, जज साहब का बगंला, मोटर वाहन, दुघर्टना न्यायालय, किशोर न्यायालय, खिरनीबाग सराय, नवोदय विधालय,चर्च कॉलोनी एवं सभी मन्दिर, मस्जिद, एवं **फागिंग का कार्य–** नई बस्ती, रेती, रेयान स्कूल, नवादा, स्टेअ गार्डेन, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कॉलेज, मुमुक्ष आश्रम, रैन बसेरा, दिलाजाक, ऑफीसर्स कॉलोनी, में कराया गया।

**कल दिनांक 10.06.2020 रोस्टर के रोस्टर** हाथीथान, गदियाना, बाडूजई पेशावरी,चमकनी, बहादुरगंज, रंगीन चौपाल, मामूड़ी, बारादरी,तारीन बहादुरगंज, कटियाटोला, खिरनीबाग,बृज बिहार,बिजलीपुरा, सिन्जई, अकब मस्जिद कॉच, कच्चा कटरा, दिलावरगंज, तिराही, वाजिदखेल, मानूजई,जियाखेल, महमंदगढ़ी, अहमदपुर रेती, विजयपुर रेती, हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल फत्तेपुर रेती तक आदि मोहल्ल मे कराया जायेगा।

3–नगर निगम द्वारा कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नं0 5842–225437 तथा 7355338008 पर नगरवासियों द्वारा अपनी समस्यायें दर्ज कराई जा रही है। जिनका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक कुल 814 व्यक्तियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्यायें दर्ज कराई गई है। जिसमें 762 शिकायतो का निस्तारण हो गया। शेष 52 की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा, अनुवश्रण तथा नगरवासियो से फीडवैक भी प्राप्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये नगर निगम से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिये इस सुविधा लाभ उठायें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
9/6/2020

Generated by CamScanner